महत्वपूर्ण एवं खास

आ रहा है GMAIL का नया वर्जन

जीमेल का नया वर्जन जारी करने जा रहा है। इसके कुछ फीचर लीक हो गए हैं। जैसे, सेल्फ डिस्ट्रक्टिव ई-मेल और गोपनीय मोड। आठ मई को आई/ओ कांफ्रेंस में जी-मेल का यह नया वर्जन लांच किया जा सकता है। टेकक्रंच की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि जीमेल अपने यूजर को कंपोज विंडो के नए टूल्स के जरिये ज्यादा नियंत्रण देगा। यहां क्लिक करते ही एक पॉपअप खुलेगा। इसमें यूजर एक तारीख निश्चित कर पाएंगे जब यह ईमेल खुद नष्ट हो जाएगा। ईमेल एक्सपायर होने का यह समय एक हफ्ते, एक महीने और कुछ साल बाद का हो सकता है। नए जीमेल वर्जन में ईमेल को कान्फिडेंशियल मोड यानी गोपनीय अवस्था पर करने की सुविधा मिलेगी।इसका अर्थ है कि ईमेल रिसीव करने वाला इसे न फारवर्ड कर पाएगा, न डाउनलोड कर पाएगा और न इसका प्रिंट निकाल पाएगा। इस कंटेंट को कॉपी और पेस्ट करना भी संभव नहीं होगा। एक अन्य फीचर में यूजर ईमेल प्राप्तकर्ता से उसकी पहचान की पुष्टि भी मांग सकेंगे। इसका पासकोड टेक्स्ट के जरिये भेजा जाएगा। यह साफ नहीं है कि पासकोड फीचर गैर-जीमेल यूजर के लिए काम करेगा या नहीं। नए फीचर में ईमल के सामने एक साइडबार भी होगा, जिसमें कैलेंडर, नोट-टॉकिंग ऐप और टास्क भी दिखेंगे। इससे यूजर को बैठक का समय तय करना और ईमेल भेजते समय लोगों की उपलब्धता की जांच करना आसान हो जाएगा। तीन अन्य नए फीचर आएंगे जिनमें स्मार्ट रिप्लाई, स्नूज बटन और ऑफ लाइन सपोर्ट शामिल हैं।

तिमाही आर्थिक आंकड़े तय करेंगे शेयर की चाल!

अगले सप्ताह शेयर बाजार की चाल और वैश्विक आर्थिक आंकड़े, प्रमुख कंपनियों की तिमाही नतीजे, वैश्विक बाजारों के रुख, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) और घरेलू संस्थापक निवेशकों (डीआईआई) द्वारा किए गए निवेश, डॉलर के खिलाफ रुपये की चाल और कच्चे तेल की कीमतों का प्रदर्शन के आधार पर होंगे। अगले सप्ताह जिन कंपनियों के तिमाही नतीजे जारी होंगे, उनमें एसीसी मार्च तिमाही के नतीजे बुधवार (18 अप्रैल) को जारी करेगी। वहीं, इंडसइंड बैंक और टीसीएस के पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के नतीजे गुरुवार को जारी होंगे। आर्थिक मोर्चे पर, सरकार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मार्च के मुद्रास्फीति के नतीजे सोमवार (16 अप्रैल) को जारी करेगी। साल-दर-साल आधार पर थोक मूल्य आधारित महंगाई दर फरवरी के दौरान उससे पिछले महीने की तुलना में थोड़ी कम रही और यह 2.48 फीसदी दर्ज की गई जबकि जनवरी में थोक वस्तुओं की महंगाई दर 2.84 फीसदी थी। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 2017 के फरवरी में (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति दर 5.1 फीसदी थी।वैश्विक मोर्चे पर, चीन अपनी जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) की पहली तिमाही के नतीजे मंगलवार (17 अप्रैल) को जारी करेगी। जापान के औद्योगिक उत्पादन का फरवरी का आंकड़ा मंगलवार (17 अप्रैल) को जारी किया जाएगा। जापान का ही मुद्रास्फीति का मार्च का आंकड़ा शुक्रवार (20 अप्रैल) को जारी किया जाएगा।अमेरिका के औद्योगिक उत्पादन का मार्च का आंकड़ा मंगलवार (17 अप्रैल) को जारी होगा।

Xiaomi के बाद यह कंपनी दे रही सस्ती कीमत वाले स्मार्ट टीवी

चाइनीज मोबाइल निर्माता कंपनी शाओमी के भारतीय बाजार में स्मार्ट टीवी लॉन्च करने के बाद फ्रांस की कंपनी ने सस्ती कीमत वाले स्मार्ट टीवी लॉन्च किए हैं. इस बार टेक्नीकलर के अधिकार वाली फ्रेंच कंपनी थॉमसन ने भारतीय बाजार में तीन स्मार्ट टीवी लॉन्च किए हैं. तीनों मॉडल को 43 इंच 4के यूएचडी एचडीआर, 40 इंच और 32 इंच में लॉन्च किया गया है. तीनों ही मॉडल को नोएडा स्थित एसपीपीएल की तरफ से तैयार किया गया है. इन टीवी की सेल ई-कॉमर्स वेबसाइट फ्लिपकार्ट पर 13 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से शुरू हो गई है. इसके सबसे सस्ते स्मार्ट टीवी की कीमत 13,490 रुपये है।

राष्ट्रमंडल खेल : 198 पदकों के साथ आस्ट्रेलिया टॉप पर, भारत रहा तीसरा

मेजबान आस्ट्रेलिया 21वें राष्ट्रमंडल खेलों में कुल 198 पदकों के साथ पदक तालिका में टॉप पर रहा। उसने 80 स्वर्ण पदक जीते। इंग्लैंड ने 136 पदकों के साथ दूसरा और भारत ने 66 पदकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। 21वें राष्ट्रमंडल खेलों में कुल 71 देशों और टेरेटरीज ने हिस्सा लिया, जिनमें से 43 के हिस्से पदक आए। आस्ट्रेलिया ने 80 स्वर्ण के अलावा 59 रजत और इतने ही कांस्य पदक जीते। इंग्लैंड ने 45 स्वर्ण, इतने ही रजत और 46 कांस्य पदक जीते। भारत ने बेशक चौथे स्थान पर रहे कनाडा (82 पदक) से कम पदक जीते लेकिन उसके स्वर्ण पदकों की संख्या कनाडा से अधिक रही। कनाडा ने 15 स्वर्ण जीते जबकि भारत के नाम 26 स्वर्ण रहे। भारत ने 20 रजत और इतने ही कांस्य भी जीते जबकि कनाडा के नाम 40 रजत और 27 कांस्य रहे। न्यूजीलैंड ने 15 स्वर्ण, 16 रजत और 15 कांस्य के साथ कुल 46 पदकों के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। क्षिण अफ्रीका ने 37 पदक (13 स्वर्ण, 11 रजत और 13 कांस्य) जीते जबकि वेल्स ने 36 पदक (10 स्वर्ण, 12 रजत और 14 कांस्य) जीते। स्कॉटलैंड और नाइजीरिया के नाम नौ-नौ स्वर्ण रहे।

भारत की बात की जाए तो उसने ग्लासगो में 15 स्वर्ण जीते थे लेकिन इस बार वह उस संख्या को पार करने में सफल रहा। हालांकि 2010 में अपनी मेजबानी में हुए 19वें राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने 38 स्वर्ण सहित कुल 101 पदक जीते थे, जो इन खेलों में उसका अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। 21वें राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन आस्ट्रेलिया के पश्चिमी शहर गोल्ड कोस्ट में 4 से 15 अप्रैल के बीच हुआ

WhatsApp ग्रुप एडमिन के लिए पुलिस ने जारी की चेतावनी

व्हाट्सऐप ग्रुप को लेकर महाराष्ट्र के परभणी जिले की पुलिस ने कुछ चेतावनी जारी की जिसे आपको जरूर जानना चाहिए। व्हाट्सऐप ग्रुप एडमिन के लिए क्या हैं शर्तें। पुलिस ने अपनी चेतावनी में कहा है कि अगर आप ग्रुप एडमिन हैं तो आपके ग्रुप द्वारा किसी भी तरह का आपत्तिजनक वीडियो, फोटो या मैसेज शेयर नहीं होना चाहिए। आपके व्हाट्सऐप ग्रुप द्वारा किसी भी प्रकार के धार्मिक वीडियो, फोटो, टेक्स्ट, ऐतिहासिक आंकड़े शेयर नहीं होने चाहिए। ग्रुप में किसी जाति या धर्म की भावनाएं आहत या भावनाओं को भड़काने वाले कटेंट नहीं शेयर नहीं होने चाहिए।

भारत ने चीन को दिया सोयाबीन निर्यात का प्रस्ताव

अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध की बढ़ते संकट के बीच भारत ने रविवार को चीन सोयाबीन और अन्य कृषि उत्पादों के निर्यात की पेशकश की है, जिसने अमेरिकी उत्पादों प्रतिशोधी कार्रवाई करते हुए आयात शुल्क बढ़ा दिया है। भारत ने इसके अलावा अमेरिका के व्यापार संरक्षणवाद की आलोचना करते हुए कहा कि 'अनुचित' प्रथा से दुनिया की पटरी पर लौट रही अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी।बीजिंग में 5वें भारत-चीन सामरिक आर्थिक वार्ता में, नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि चीन और भारत 'संरक्षणवादी कदम' से नाराज थे और विश्व अर्थव्यवस्था की गिरावट को थामने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

शीर्ष दस में से आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 83,672 करोड़ रुपये बढ़ा

सेंसेक्स की शीर्ष दस कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 83,672 करोड़ रुपये की बढ़त दर्ज हुई। सबसे ज्यादा लाभ आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ। शुक्रवार को समाप्त कारोबारी सप्ताह में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और मारुति सुजुकी को छोड़कर शेष आठ बड़ी कंपनियों की बाजार हैसियत में 83,672.13 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। मारुति सुजुकी और एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में कुल मिलाकर 9,771.58 करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गई।

सात्विक रेड्डी और चिराग शेट्टी ने बैडमिंटन पुरूष डबल में जीता सिल्वर

भारतीय शटलर सात्विक रेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी बैडमिंटन पुरूष डबल में भारत को सिल्वर मेडल दिलाया है। फाइनल में भारत का मुकाबला यूके के मार्कस एलिस, क्रिस लैंग्रिज के साथ था। यूके के दोनों शटलर पहले सेट से ही भारतीय जोड़ी पर भारतीय जोड़ी पर भारी पड़ते नजर आ रहे थे। इंगलिश जोड़ी ने बेहतर तालमेल दिखाया जिसका जवाब भारतीय शटलर के पास नहीं था। इस तरह भारत ने कुछ ही मिनट में पहला सेट 21-13 से गंवा दिया। दूसरे सेट की शुरुआत तो हालांकि भारतीय जोड़ी ने अच्छी की लेकिन वह इसे बरकरार नहीं रख पाए। सर्विस के बाद रिस्पांस में भारतीय जोड़ी से कई गलतियां हुईं। वहीं इस दौरान इंगलिश जोड़ी बेहतर तालमेल के साथ अंक पर अंक बटोरती नजर आई। इस तरह भारत ने दूसरा सेट भी 21-16 से गंवा दिया। यूके की टीम जिस तरह मैच में खेली, गोल्ड के लिए पूरी दावेदार थी। उन्होंने अपने खेल से बता दिया कि भारतीय जोड़ी को अभी और कितनी मेहनत करने की जरूरत है।

मॉडलिंग छोड़ TT अपनाया था मनिका ने, CWG में भारत को 4 मैडल दिलाने वाली पहली भारतीय बनी

कॉमनवैल्थ गेम्स में वेटलिफ्टिंग, पहलवान, बैडमिंटन के बाद अगर किसी खेल में ज्यादा पदक आए हैं तो वह है टेटे। इन गेम्स से हिस्सा लेने से पहले टेटे का भारत में इतना बड़ा स्थान नहीं था जो इस गेम के बाद होने जा रहा है। भारत के लिए टेटे में सबसे बड़ी उपलब्धि दिल्ली की मनिका बत्रा लाई हैं। मनिका अब तक 2 गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज जीत चुकी हैं। इस तरह वह टेबल टेनिस के इतिहास में चार मैडल जीतने वाली पहली महिला प्लेयर भी बन गई हैं। बता दें कि स्कूल और कॉलेज टाइम में सबसे पापुलर गर्ल के रूप में जानी जाती मनिका को एक समय मॉडलिंग का ऑफर भी आया था। लेकिन टेबल टेनिस के प्रति उनके प्यार ने उन्हें ऐसा करने नहीं दिया। चार साल की उम्र से टेबल टेनिस खेल रही मनिका ने बताया कि वह जब जीएस एंड मैरी कॉलेज में पढ़ती थी तब उन्हें मॉडलिंग का ऑफर मिला था। वह चाहे तो मॉडलिंग में करियर बना सकती थीं। लेकिन वह ऐसा नहीं कर पाई क्योंकि वह टेबल टेनिस से प्यार करती थीं। मनिका का कहना है कि भारत के लिए पहली बार टेबल टेनिस में चार मैडल लाना बड़ी बात है, लेकिन मैं थोड़ी निराश भी हूं कि डब्ल्स में भी हम अच्छा कर सकते थे। लेकिन जो भी हुआ, अच्छा हुआ। हम अपनी गलतियों से ही सीखते हैं। पूरी कोशिश करूंगी कि अगली बार बेहतरीन प्रदर्शन कर पाउं।वुमेंस टीम में गोल्ड, वुमेंस डब्लस में सिल्वर, वुमेंस सिंगल्स में गोल्ड और मिक्सड डबल्स में ब्रॉन्ज जीतने वाली

भारत ने पदकों की संख्या की 500 से पार, बनाए कई रिकॉर्ड

गोल्डकोस्ट में आखिरकार भारत ने इतिहास रच दिया। रविवार को कुल 66 मैडल के साथ भारत ने कॉमनवैल्थ गेम्स में अपनी पारी समाप्त की। यह पिछले ग्लास्गो कॉमनवैल्थ गेम्स से दो मैडल ज्यादा है। लेकिन गोल्डकोस्ट कॉमनवैल्थ इसलिए खास है क्योंकि इसने कई भारतीय खेल की कई परंपराएं तोड़ीं। हमें नए खेलों में नए चैंपियन मिले। पहलवानी हो, बॉक्सिंग हो चाहे बैडमिंटन भारतीय खिलाडि?ों ने उम्मीद मुताबिक अच्छा प्रदर्शन किया। सबसे ज्यादा हैरान भारतीय टेबल टेनिस टीम ने किया। खास तौर पर नई दिल्ली की मनिका बत्रा ने। मनिका कॉमनवैल्थ गेम्स में टेबल टैनिस वर्ग से अकेले ही चार मैडल जीतने वाली पहली भारतीय भी बन गई हैं। गेम्स के आखिरी दिन भारत को सात्विक रैड्डी और चिराग शेट्टी ने बैडमिंटन डबल में सिल्वर दिलाया। यह भारत का 66वां पदक था। बता दें कि कॉमनवैल्थ गेम्स में अब भारत कुल मिलाकर 505 मैडल जीत चुका है।

गोल्ड मेडल जीतने के बाद बोली सायना, पापा के लिए किसी से भी भिड़ जाऊंगी

सायना नेहवाल ने कहा है कि उन्हें राष्ट्रमंडल खेलों से पहले खेलगांव में ठहरने को लेकर अपने पिता के लिए आवाज उठाने का कोई खेद नहीं है. तब उन्होंने एकल और टीम स्पर्धा से हटने की धमकी तक दे डाली थी. सायना ने हमवतन और शीर्ष वरीयता प्राप्त पीवी सिंधू को हराने के बाद रविवार को कहा, 'मुझे अपने पिताजी के लिए कहीं भी, किसी से भी भिड़ने में परहेज नहीं है. लोगों का कहना है कि मैंने अपने पिता को पहले रखा, लेकिन ऐसा नहीं है. अगर ऐसा होता, तो मैं अपने देश के लिए पदक नहीं जीतती.' सायना ने अपने पिता को खेल गांव में प्रवेश नहीं मिलने के संदर्भ में कहा, 'मुझसे क्यों कहा गया कि सारी व्यवस्था कर दी गयी है, जबकि ऐसा नहीं किया गया था. अगर मुझे पता होता, तो मैं उनके लिए होटल में कमरा बुक करवा देती. उन्हें निजी कोच का मान्यता पत्र मिला था और लंबी यात्रा के बाद मुझे इस तरह की स्थिति से जूझना पड़ा.' उन्होंने कहा कि इससे उनका ध्यान भंग हुआ और इससे वह काफी तनाव में थीं.गोल्डेन शटलर ने कहा, 'दो दिन तक मैं सो तक नहीं पायी. मैं वहां तीन-चार घंटे बैठे नहीं रह सकती थी. मैं सरकारी अधिकारी नहीं हूं. मैं एक खिलाड़ी हूं. मैंने मैच खेलने होते हैं. सिंधू टीम स्पर्धा में नहीं खेल रही थी और मुझे वहां अच्छा प्रदर्शन करना था. कई बार चीजों को सामान्य होने में समय लगता है, लेकिन मुझे लगता है कि अगर मैंने तब वैसा रवैया नहीं अपनाया होता, तो ऐसा नहीं होता.' सायना ने कहा, 'वह दो दिन तक खेलगांव के बाहर बैठे रहे. वह यहां तक कि डाइनिंग हॉल तक नहीं आ पाये. उनके यहां आने का क्या मतलब था।

निशानेबाज विजय कुमार ने अनीश भानवाल के प्रदर्शन पर कहा...

लंदन ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले भारतीय निशानेबाज विजय कुमार इस वर्ष अगस्त में होने वाले एशियाई खेलों में अपने पदक का रंग बदलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और वे इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। 33 साल के विजय ने लंदन ओलम्पिक में निशानेबाजी की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में देश के लिए रजत पदक जीता था। विजय 2006 से 2014 तक लगातार तीन बार एशियाई खेलों में पदक जीत चुके हैं। उन्होंने 2006 में दोहा एशियाई खेलों में कांस्य, 2010 के क्वांक्वो में कांस्य और 2014 के इंचियोन खेलों में रजत पदक जीता था। विजय अब चौथी बार एशियाई खेलों में पदक जीतने उतरेंगे, जहां उनकी कोशिश रजत को स्वर्ण में तब्दील करना होगी। विजय को शनिवार को यहां खेलों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मानव रचना यूनिवर्सिटी ने मानव रचना उत्कृष्ता पुरस्कार से सम्मानित किया। विजय ने सम्मान समारोह से इतर आईएएनएस से कहा, मैं 2-4 अंकों से गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में क्वालीफाई करने से चूक गया था। चयन ट्रायल में मैं तीसरे स्थान पर रहा था और राष्ट्रमंडल टीम के लिए भारत से शीर्ष दो निशानेबाज ही क्वालीफाई करते हैं। इसलिए मैं गोल्ड कोस्ट जाने से चूक गया था। उन्होंने कहा, अब मैं अपना पूरा ध्यान एशियाई खेलों और टोक्यो ओलम्पिक पर लगा रहा हूं, जहां मेरी पूरी कोशिश पदक का रंग बदलने की होगी। इसके लिए मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं। एशियाई खेलों के लिए होने वाली चयन ट्रायल में शीर्ष दो में जगह बनाना मेरा प्रमुख लक्ष्य है। एशियाई खेलों का आयोजन इस वर्ष 18 अगस्त से दो सितंबर तक इंडिनेशिया में होगा। विजय ने गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय निशानबाजों के प्रदर्शन पर खुशी जताई और कहा कि सिर्फ राष्ट्रमंडल खेलों में ही नहीं बल्कि एशियाई खेलों और ओलंपिक में भी भारतीय निशानेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है। विजय ने 15 साल की उम्र में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले अनीश भानवाल की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह अभी युवा है और पिछले चार-पांच साल से मेहनत कर रहा है। उन्होंने बहुत जल्दी ही बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है।